**Fourteenth Loksabha**

**Session : 5**
**Date : 29-08-2005**

**Participants : Suman Shri Ramji Lal**

>

Title : Situation arising out of the death of Children due to malnutrition in five districts of Maharashtra.

**श्री रामजीलाल सुमन** अध्यक्ष महोदय, मैं आप का आभार प्रकट करता हूं कि एक बहुत गंभीर समस्या पर आपने सदन का ध्यान आकर्िात करने की अनुमति दी। महाराट्र के विदर्भ इलाके में कुपोाण से आदिवासी बच्चों के मरने की शिकायतें निरंतर मिलती रहती हैं और इसलिए दिसंबर 2003 में बेग कमेटी बनी थी, जिसकी जिम्मेदारी थी कि महाराट्र में कोई आदिवासी इलाके का बच्चा कुपोाण का शिकार न हो। उसकी जान न जाए। सरकार यह व्यवस्था सुनिश्चित करे, लेकिन मुझे बेहद अफसोस है कि इस संबंध में कोई अपेक्षित कार्यवाही नहीं की गई। मुंबई हाईकोर्ट में अमरावती के विनय पाटकर ने जनहित याचिका दायर की। उस जनहित याचिका में था - थाउजेंड्स डाई आफ हंगर। महोदय, इस संबंध में राज्य सरकार से हाईकोर्ट ने पूछा और हाईकोर्ट में राज्य सरकार ने खुद स्वीकार किया, स्टेट एडमिट्स थाउजेंड्स डाई। यह राज्य सरकार ने खुद स्वीकार किया कि हजारों बच्चों की जाने गई हैं, आदिवासी इलाकों में बच्चे कुपोाण का शिकार हुए हैं और उनकी जाने गई cé[c17]।

अध्यक्ष महोदय, बहुत गम्भीर मामला है।

**अध्यक्ष महोदयः** सब गम्भीर मामले हैं।

**श्री रामजीलाल सुमन** : सरकार का ध्यान आकर्िात करने के बावजूद भी अभी तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। हाई कोर्ट ने भारत सरकार और राज्य सरकार को यह भी निर्देश दिया है कि पूरे महाराट्र में इंटीग्रेटिड चाइल्ड डैवलपमैंट स्कीम (आई.सी.डी.एस.) को लागू किया जाए।

**अध्यक्ष महोदयः** यहां राज्य सरकार का मामला उठाया नहीं जाता।

**श्री रामजीलाल सुमन** : अध्यक्ष महोदय, यह बहुत गम्भीर मामला है। राज्य सरकार स्वीकार कर रही है। …(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदयः** आप राज्य सरकार की इस तरीके से यहां आलोचना न करें। सैंटर ने क्या करना है, वह कहिए। You are a very senior Member.

**श्री रामजीलाल सुमन** : हाई कोर्ट ने सैंटर से कहा है कि वह इंटीग्रेटिड चाइल्ड डैवलपमैंट स्कीम पूरे हिन्दुस्तान में लागू करे। …(व्यवधान)

**श्री अनंत गुढ़े (अमरावती)** : अध्यक्ष महोदय, महाराट्र में अनेकों बच्चे बीमारी के शिकार हो गए हैं। मुझे भी यह मामला उठाने की इजाजत दी जाए। …(व्यवधान)

MR. SPEAKER : Nothing else will be recorded except the speech of Shri Ramji Lal Suman.

*(Interruptions)* …*

**श्री रामजीलाल सुमन** : अध्यक्ष महोदय, हजारों बच्चे कुपोाण का शिकार हैं। …(व्यवधान)

अप्रैल से लेकर जुलाई तक हजारों बच्चे मर गए। सरकार ने उसका संज्ञान नहीं लिया। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि चाइल्ड डैवलपमैंट स्कीम को लागू किया जाए। …(व्यवधान)

MR. SPEAKER : Please sit down.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER : Otherwise I will discontinue the 'Zero hour'. रिकॉर्ड में नहीं जाएगा।

Nothing else will be recorded.

*(Interruptions)** ...

**अध्यक्ष महोदयः** गुढ़े जी, यह सही नहीं है। आपने नोटिस देने का भी कट नहीं किया।

…(व्यवधान)

MR. SPEAKER : You are taking advantage of some other hon. Member raising the issue.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER : It is not being recorded. I will not allow it. It will not be recorded. आपने नोटिस नहीं दिया है। Only what Shri Ramakant Yadav says will be recorded.

*(Interruptions)** ...

**अध्यक्ष महोदयः** यह सही बात नहीं है। मैं हाउस एडजर्न करके चला जाऊंगा।

…(व्यवधान)

MR. SPEAKER : I will not allow this.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER : You are deliberately defying the Chair.

… (*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदयः** आपने नोटिस देने का भी कट नहीं किया है।

---

* Not Recorded

…(व्यवधान)

MR. SPEAKER : All issues are important. This hon. Member is raising an important issue.

… (*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदयः** आप इसके बारे में अभी सोच रहे हैं। उन्होंने जब यह सवाल उठाया, क्या उस समय आपने इसके बारे में सोचा?

…(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदयः** एसोसिएट करने के लिए नोटिस देना पड़ता है। जो नोटिस देता है, वह ही एसोसिएट करता है। मैं आपको चांस नहीं दूंगा।

…(व्यवधान)

MR. SPEAKER : Nothing is being recorded.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER : This is very unfortunate. After all the chances, if you misuse this, then I will discontinue all this.

… (*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदयः** क्या आपको इससे पहले कभी ऐसे बोलने का मौका नहीं मिला?

…(व्यवधान)